राजस्थान सरकार
परिवहन विभाग

एफ 16(16)(1)/परि/लेखा/राजस्व लक्ष्य/2017–18/3382    जयपुर, दिनांक 15/02/18

कार्यालय आदेश क्रमांक 4 /2018

**विषयः–वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए संशोधित निर्धारित राजस्व लक्ष्यों का जिलेवार वितरण।**

राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए **4300.00 करोड़** रूपये के संशोधित लक्ष्य निर्धारित कर उनका जिलेवार वितरण संलग्न परिशिष्ट–1 में अंकित तालिकानुसार किया जाता है। राजस्व लक्ष्यों की नियमित उपलब्धि के लिए सभी प्रादेशिक/जिला परिवहन अधिकारियों द्वारा समयबद्ध कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। राज्य सरकार द्वारा राजस्व अर्जन की मासिक समीक्षा नियमित रूप से की जाती है। अतः सभी प्रादेशिक/जिला परिवहन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके लिए निर्धारित मासिक राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति निश्चित रूप से की जावे। **यहां यह भी निर्देशित किया जाता है कि यदि किसी माह में निर्धारित राजस्व लक्ष्य पूर्णरूपेण अर्जित नहीं किए जाते है तो उस माह के बैकलॉग को आगामी माह में जोडा जाकर आगामी माह के लक्ष्य संशोधित समझे जावें।**

राजस्व प्राप्ति के अंक मिलान का कार्य समय पर करवाया जाकर कोषाधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र माह की 20 तारीख तक जी.ए. 13 (निर्धारित प्रारूप मे बजट मदवार ) के साथ वित्तीय सलाहकार (मुख्यालय) को नियमित रूप से भिजवाये जावे। ऐसे जिला परिवहन अधिकारी जिनके मुख्यालय पर स्वतन्त्र कोषागार नहीं है, वे अपनी राजस्व आय का प्रमाणीकरण सम्बन्धित उप कोषाधिकारी से कराकर भेजें तथा उसकी प्रति सम्बन्धित कोषागार एवम् जिला मुख्यालय के सम्बन्धित जिला परिवहन अधिकारी को भिजवायें तथा यह सुनिश्चित करें कि दोनों की कुल राजस्व आय कोषाधिकारी के यहां दर्ज आय के अनुरूप हो।

प्रत्येक प्रादेशिक परिवहन अधिकारी द्वारा माह के प्रथम कार्यदिवस को विगत माह में रीजन में अर्जित राजस्व की जिलेवार सूचना फैक्स द्वारा मुख्यालय को भिजवाई जावे तथा प्रत्येक माह अर्द्धशासकीय पत्र द्वारा राजस्व संग्रहण का विवरण वित्तीय सलाहकार मुख्यालय को प्रेषित किया जावें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(शैलेन्द्र अग्रवाल)
अति. मुख्य सचिव एवं
परिवहन आयुक्त

प्रतिलिपिः– 3383–3387 dt 15/02/18

1. विशिष्ठ सहायक माननीय परिवहन मंत्री महोदय राज. सरकार
2. निजी सचिव अति. मुख्य सचिव एवं परिवहन आयुक्त
3. मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण.............................
4. समस्त प्रादेशिक/जिला परिवहन अधिकारी .........................
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को भेजकर लेख है कि विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करे।

वित्तीय सलाहकार

D:\REVENUE\2017-18 Revenue\order.docx



Scanned by CamScanner

